पंजाब केसरी 17/11/2024

जी.एम.एन. कॉलेज में 5 दिवसीय 'उद्यमियों की सफलता की कहानियां' कार्यक्रम सम्पन्न

» नए स्टार्टअप शुरू करने पर जोर दिया जाए, ताकि कुशल और अकुशल बल के लिए नौकरियां उपलब्ध हों : रमांकांत

अम्बाला, 16 नवम्बर (बलराम): छावनी स्थित जी.एम.एन. कॉलेज में वाणिज्य विभाग और आई.ई.डी.सी. द्वारा आयोजित पांच दिवसीय 'उद्यमियों की सफलता की कहानियां' कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हो गया। इस दौरान नीलम और राममूर्ति ने छात्रों में उद्यमिता कौशल विकसित करने के लिए कर्मचारियों को प्रेरित करने की पहल की।

पांचवें दिन अम्बाला कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड एप्लाइड रिसर्च से रमाकांत संसाधन व्यक्ति थे और इस सत्र में रमाकांत ने भारत के बाजार पर कब्जा कर रहे विदेशी देशों की भागीदारी के बीच उद्यमिता के महत्व के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने नए स्टार्टअप शुरू करने पर जोर दिया, ताकि कुशल और अकुशल बल के लिए नौकरियां उपलब्ध हों। उन्होंने समझाया कि यदि नए उद्यम नहीं होंगे तो देश का भविष्य सुरक्षित नहीं रहेगा और अर्थव्यवस्था चरमरा जाएगी। उन्होंने भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय से टी.बी.आई. प्राप्त करने के अपने अनुभव भी सांझा किए। वह खुद एक सफल उद्यमी हैं और आज उनकी कहानी ने कई लोगों को प्रेरित किया। सत्र अत्यधिक जानकारीपूर्ण और संवादात्मक था। सभी शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारी व्याख्यान से अत्यधिक प्रेरित हैं। सत्र का समापन डा. गीता कौशिक के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ।

जी.एम.एन. कॉलेज में आयोजित 'उद्यमियों की सफलता की कहानियां' कार्यक्रम में जानकारी देते रमाकांत।